सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-256
10/06/2017

# मुख्यमंत्री ने आम विविधता प्रदर्शनी–सह–प्रतियोगिता 2017 का किया उद्‌घाटन

पटना, 10 जून 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज देशरत्न उद्यान में आम विविधता प्रदर्शनी–सह–प्रतियोगिता 2017 का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आम फल के विभिन्न प्रजातियों के लगाये गये प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने आम उत्पादन तकनीक से संबंधित स्मारिका का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जर्दालू आम में प्रथम श्री शंभू कुमार सिंह, मैंगो मैन श्री अशोक कुमार चौधरी, मालदह आम के लिये श्री विपुल कुमार, दूधिया मालदह आम के लिये श्री संतोष कुमार सहित अन्य विजेताओं को पुरूस्कृत भी किया।

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रामविचार राय, प्रधान सचिव कृषि श्री सुधीर कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

*******